# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/859 दिनांक : 09.09.2020

**प्रति,**

विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त सम्बद्ध अध्ययनशालायें,
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

**अति आवश्यक**

**विषयः-** **सत्र 2019-20 की स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ, षष्टम, अष्ठम एवं दशम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (सी0बी0सी0एस0पद्धति) (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों) के आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक प्रायोगिक/सेमीनार/असाइनमेंट/मौखिक** (COMPERHENSIVE VIVA-VOCE) **एवं सैद्धांतिक परीक्षा के अंक अपडेट करने अंतिम तिथि हेतु।**

**सन्दर्भ :-** म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत निर्देशानुसार लेख है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग (मंत्रालय) के उपरोक्त संदर्भित पत्रों के द्वारा सत्र 2019-20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं को संपादित करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। शासन के निर्देशानुसार उपरोक्त दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में सी0बी0सी0एस0 पद्धति से आयोजित स्नातक/स्नातकोत्तर पाठयक्रमों के संस्थागत/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी छात्रों का परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जाना है।

अतः उक्त संबध में समस्त अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को सूचित किया जाता है कि, **स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ, षष्टम, अष्ठम एवं दशम सेमेस्टर/स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (सी0बी0सी0एस0पद्धति)** नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक प्रायोगिक/सेमीनार/असाइनमेंट/मौखिक (COMPERHENSIVE VIVA-VOCE) परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें एवं मौखिक परीक्षा (COMPERHENSIVE VIVA-VOCE) के अंक असाइनमेंट के आधार पर एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट करें।

सैद्धांतिक परीक्षा (विभाग द्वारा ऑनलाइन आयोजित) के अंको की प्रविष्टियां करने हेतु विभागाध्यक्ष के मोबाइल पर एस0एम0एस0 द्वारा यूजर आई0डी एवं पासवर्ड दिया गया है एवं लिंक www.univexam.org/jiwaji/ के माध्यम से मूल्यांकनकर्ता/परीक्षक मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका के अंको को प्रविष्ट करने हेतु अधिकृत कर सकते हैं।

आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक प्रायोगिक/ सेमीनार/असाइनमेंट/मौखिक(COMPERHENSIVE VIVA-VOCE) सैद्धांतिक परीक्षाओं के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु अध्ययनशाला विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक स्वंय जिम्मेदार होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0 छात्र/छात्राओं के ऑफलाइन अंक किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगें।

**आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/मौखिक/सैद्धांतिक परीक्षाओं के अंको को अतिम दिनांक 14.09.2020 तक अनिवार्य रूप से अपडेट करना सुनिश्चित करें। जिससे समय सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः-**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, अध्ययनशाला,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. समस्त उप/सहा. कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

**उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**